
• *महादेव...*

## किन्नौर कैलाश यात्रा 1 अगस्त से

**कुल्लू :** 19,850 फुट पर स्थित किन्नौर कैलाश के लिए आधिकारिक तौर पर 1 से 26 अगस्त तक धार्मिक यात्रा चलेगी। श्रद्धालु इस बार दो रास्तों से महादेव की यात्रा कर सकते हैं। पोवारी और पूर्वणी गांव के रास्ते से पवित्र किन्नौर कैलाश यात्रा शुरू होने जा रही है। किन्नौर कैलाश कल्पा ब्लॉक के पोवारी गांव की पहाड़ी पर 19,850 फुट पर प्राकृतिक शिवलिंग है। पवित्र शिवलिंग की धार्मिक मान्यता को देखते हुए पांडवों ने अपना अंतिम समय इसी स्थान पर गुजारा था। मान्यता यह भी है कि महाभारत काल में किन्नौर कैलाश का नाम इंद्र कील पर्वत था।

इस स्थान पर भगवान शिव और अर्जुन का युद्ध हुआ था। इसके बाद भगवान शिव ने अर्जुन को पशु पताश्रर अस्त्र



प्रदान किया था। किन्नौर कैलाश शिवलिंग अद्भुत माना जाता है। बीते वर्ष 16 से 31 अगस्त तक किन्नौर कैलाश यात्रा हुई थी। किसी प्रकान्की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई थी। 50 सरकारी कर्मचारियों ने मुस्तैदी से यात्रा के दौरान ड्यूटी निभाई, जिनमें 21 वन विभाग कर्मी, 15 पुलिस कर्मी, 9 होम गार्ड जवान, जल शक्ति विभाग से दो कल्पा ब्लॉक कार्यालय से दो, स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर और एक फार्मासिस्ट शामिल थे। बीते वर्ष करीब 3,072 श्रद्धालुओं ने किन्नौर कैलाश यात्रा की थी।

एसडीएम, कल्पा डॉ. शशांक गुप्ता ने कहा कि 1 से 26 अगस्त तक श्रद्धालु यात्रा कर सकते हैं। इस बार नए रास्ते पूर्वणी गांव से भी श्रद्धालु यात्रा कर सकते हैं। यात्रा के सफल आयोजन को लेकर दूसरे विभागों के साथ बैठक होगी। इसमें आगामी रूपरेखा तैयार की जाएगी।

• *मीटिंग...*

## केंद्रीय मंत्री के समक्ष सीएम ने उठाए हिमाचल के मुद्दे

**चंडीगढ़ :** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केन्द्र सरकार से हिमाचल जैसे कठिन भौगोलिक पहाड़ी राज्यों को अटल नवीकरण एवं शहरी परिवहन मिशन (अमृत) योजना के अंतर्गत परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए अलग मापदंड अपनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि अमृत के तहत परियोजनाएं जनसंख्या के आधार पर स्वीकृत की जाती हैं, लेकिन जनसंख्या आधारित मापदंड हिमाचल प्रदेश के लिए उपयुक्त नहीं हैं इसलिए इस योजना के अंतर्गत अधिकतम लाभ उठाने के लिए मापदंडों में ढील देने की आवश्यकता है। चंडीगढ़ स्थित हिमाचल भवन में केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल के साथ आयोजित बैठक के दौरानसीएम सुक्खू कहा कि 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों की भी समय-समय पर समीक्षा की जानी चाहिए, क्योंकि परियोजनाओं की लागत समय के साथ बढ़ती रहती है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में एक है। प्रधानमंत्री आवास योजना-1 के अंतर्गत धनराशि का पूर्ण उपयोग होने के उपरांत प्रधानमंत्री आवास योजना-2 के लिए धनराशि प्राप्त होगी।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है तथा इस पहल के ठोस परिणाम सामने आ रहे हैं। पंचायतों और गैर-सरकारी संगठनों ने प्लास्टिक के उपयोग से मानव जीवन पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए उन्होंने केंद्र सरकार से टेंडर नीति प्रणाली में संशोधन कर टेंडर अवधि को 60 दिन से घटाकर 10 दिन करने का आग्रह किया। सीएम सुक्खू ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय से स्पीति जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में बर्फबारी और प्रतिकूल मौसम के कारण होने वाली कठिनाइयों को कम करने के लिए बैटरी बैकअप के साथ एक मेगावाट सौर प्रणाली की अनुमति देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 362 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

बैठक में बताया गया कि हिमाचल प्रदेश के स्वच्छ शहरों को सफाई मित्र सुरक्षित शहर घोषित किया जा सकता है, जिससे स्वच्छता प्रयासों को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार से अतिरिक्त धनराशि मिल सकेगी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने हिमाचल प्रदेश के प्रदर्शन की प्रशंसा की और केंद्र सरकार से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिमला के निकट जाठिया देवी में नया शहर विकसित करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और इस पर काम चल रहा है। नगर निगमों में ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र स्थापित किए जा सकते हैं, क्योंकि हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे राज्य में बड़ी परियोजनाएं संभव नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल में साझा बाजार के अवसर तलाशे जाने चाहिए, ताकि स्वयं सहायता समूह एक ही स्थान पर अपने उत्पाद बेच सकें। ऊर्जा मंत्रालय के कार्यों की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने राज्य को बिजली उत्पादन बढ़ाने का सुझाव दिया क्योंकि राज्य में जल स्रोत प्रचूर मात्रा में हैं।





## विधायकों की खरीद-फरोख्त मामला

**एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि निचली अदालत से शिमला पुलिस ने धारा 93 के तहत नोटिस जारी करने की मांग की थी और अब शिमला पुलिस को हेलीकॉप्टर कंपनियों के खिलाफ सर्च वारंट मिल गए हैं।**

**दरअसल ये सर्च वारंट हेलीकॉप्टरों द्वारा बागी विधायकों को लाने व ले जाने में खर्च हुए करोड़ों रुपयों की जानकारी जुटाने के लिए निकाले गए हैं...**

• **पंकज शर्मा/शिमला**

हिमाचल प्रदेश में इस साल 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग से मचा बवाल अभी तक नहीं थमा है। विधानसभा में क्रॉस वोटिंग के दौरान विधायकों की खरीद फरोख्त और भ्रष्टाचार उन्मूलन अधिनियम के तहत मामला बालूगंज पुलिस थाने में दर्ज है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कोर्ट से हेलीकॉप्टर कंपनियों के सर्च वारंट हासिल कर लिए हैं।

एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि निचली अदालत से शिमला पुलिस ने धारा 93 के तहत नोटिस जारी करने की मांग की थी और अब शिमला पुलिस को हेलीकॉप्टर कंपनियों के खिलाफ सर्च वारंट मिल गए हैं। दरअसल ये सर्च वारंट हेलीकॉप्टरों द्वारा बागी विधायकों को लाने व ले जाने में खर्च हुए करोड़ों रुपयों की जानकारी जुटाने के लिए निकाले गए हैं, क्योंकि शिमला पुलिस ने हेलीकॉप्टर कंपनियों के खर्चों संबंधी कई सबूत जुटाए है। जबकि एक फार्मा कंपनी द्वारा बागियों के होटल में ठहरने के खर्चों का भी खुलासा हुआ है।


इसी कड़ी में पुलिस ने एक बार फिर गगरेट विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा से पूछताछ की है और उनके दोनों मोबाइल फोन को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है, जिन्हें आगामी जांच के लिए आईटी एक्सपर्ट के पास भेजा गया है। हमीरपुर से विधायक आशीष शर्मा और पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा के पिता सेवानिवृत आईएएस अधिकारी राकेश शर्मा पर आरोप है कि इन्होंने सरकार को गिराने के लिए बागी विधायकों के फाइव स्टार होटलों में ठहरने की व्यवस्था की थी। मामले में पुलिस की पूछताछ का दौर जारी है। वहीं, मामले को लेकर पुलिस गिरफ्तारियां भी कर सकती है।

एसपी संजीव गांधी ने बताया कि बीते 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद विधायकों की खरीद-फरोख्त के मामले में कांग्रेस के दो विधायक संजय अवस्थी और भुवनेश्वर गौड़ 10 मार्च को बालूगंज थाना में आईपीसी की धारा 171 ई और 171 सी, 120 बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 व 8 के तहत मामला दर्ज करवाया। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद कांग्रेस के 6 बागियों समेत 3 निर्दलीय विधायक भी हेलीकॉप्टर के जरिए शिमला आए और वापस गए। इस दौरान करीब दो हफ्ते तक वे पंचकूला स्थित एक होटल में ठहरे। इसके बाद सभी बागी ऋषिकेश गए। जिसके बाद ऋषिकेश से गुड़गांव पहुंचे। पुलिस को एक फार्मा कंपनी द्वारा बागियों के होटलों के बिलों के भुगतान का पता चला है। कंपनी को भी कोर्ट से समन भेजा गया है। जबकि हेलीकॉप्टर के खर्च और देहरादून में होटलों के बिलों की अदायगी के मामले में पुलिस ने अब सर्च वारंट हासिल कर लिया है।

इस मामले में अभी तक पुलिस हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के प्रचार सलाहकार तरूण भंडारी, चैतन्य शर्मा, आशीष शर्मा, राकेश शर्मा से पूछताछ कर चुकी है। जबकि इस मामले में कांग्रेस के बागी व पूर्व विधायक सुजानपुर से राजेंद्र राणा, लाहौल स्पीति से रवि ठाकुर और कुटलैहड़ से देवेंद्र कुमार भुट्टो के अलावा उत्तराखंड में नेताओं के होटलों में ठहरने और हवाई यात्राओं को लेकर हुए खर्च में सामने आ रहे भाजपा नेता विश्वास डोभाल से भी पूछताछ की जानी है।

### बिरोजा फैक्टरी में आग

**नाहन :** शहर के बनोग स्थित फॉरेस्ट कॉर्पोरेशन की तारपीन फैक्टरी में आग भड़क गई। गनीमत ये रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। घटना सुबह 8:30 बजे के आसपास की है, जब फैक्टरी के स्टीम बॉयलर के पास हल्के से तेल रिसाव से आग लग गई।



हालांकि, आग लगने की सूचना मिलते ही फैक्टरी कर्मचारियों ने फायर उपकरणों से आग पर काबू पा लिया था, लेकिन थोड़ी देर बाद फिर आग भड़क गई। घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई, जिसके बाद मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंच गई। लिहाजा, मौके पर आग पर काबू पा लिया गया। बता दें कि यदि आग बुझाने में जरा भी लेटलतीफी होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना में किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। उधर, फैक्टरी के महाप्रबंधक एके वर्मा ने बताया कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया था। घटना में कोई नुकसान नहीं हुआ है।

• *पहल...*

## ड्रोन से डाली खाद



**नगरोटा :** इफ्को द्वारा नगरोटा बगवां एवं अन्य क्षेत्रों के लिए कृषि ड्रोन तकनीक के माध्यम से फसलों पर नैनो उर्वरकों के स्प्रे के लिए सेवा शुरू कर दी है। इसके चलते नगरोटा बगवां की घोड़व पंचायत में ड्रोन के माध्यम से नैनो उर्वरक का छिड़काव किया गया। ड्रोन के माध्यम से 10 कनाल भूमि पर खाद का छिड़काव करने के लिए 300 रुपये वसूले जा रहे हैं। इफ्को के क्षेत्रीय अधिकारी श्रेय सूद और एसएसए कांगड़ा परविंदर सिंह ने बताया कि किसान अपने स्मार्ट फोन पर इफको किसान उदय ऐप डाउनलोड करके अपना विवरण डाल कर अपने खेतों पर नैनो उर्वरकों का स्प्रे करवाने के लिए ड्रोन की बुकिंग करवा सकते हैं। इफ्को द्वारा कछियारी निवासी ग्राम उद्यमी प्रज्वल शर्मा को कृषि ड्रोन प्रदान कर प्रशिक्षण के बाद ड्रोन चलाने के लिए सक्षम बनाया गया है।

• *युवक की डूबने से मौत...*

*हमीरपुर : पुलिस थाना बड़सर के तहत एक युवक के तालाब में डूबने से मौत का मामला सामने आया है। युवक की पहचान अंकुश ( 24 ) पुत्र कुलदीप चंद निवासी पलाता ( दलचेहड़ा ) डाकघर नैन, तहसील बड़सर के रूप में हुई है। युवक शुक्रवार दोपहर बाद दोस्तों के साथ तालाब में नहाने के लिए गया था। लेकिन काफी देर बीत जाने के बाद भी युवक पानी से नहीं निकला तो दोस्तों ने आसपास के लोगों को सहायता के लिए बुलाया। सूचना मिलते ही ग्रामीणों सहित पुलिस, दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे।*